कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-03.04.2024

विषयः- थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा कुल 01 किलो 300 ग्राम अवैध गांजा के साथ अभियुक्त चन्दन राजभर गिरफ्तार किया गया।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व में थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग के दौरान अभियुक्त चंदन राजभर पुत्र हिरालाल राजभर निवासी सिधरा थाना सैदपुर जनपद गाजीपुर को आज दिनांक-03.042024 को समय करीब 04.10 बजे हिरामनपुर रेलवे क्रासिंग थाना सारनाथ से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से कुल 01 किलो 300 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सारनाथ पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-120/2024 धारा 8/20 एन0डी0पी0एस0 एक्ट पंजीकृत कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

विवरण पूछताछ- अभियुक्त ने पूछताछ करने पर बताया कि यह जो मेरे दाहिने हाथ में सफेद रंग का झोला है उसमे नाजायज गांजा है जिसको बेचकर अपना जीवन व्यापन करता हूँ। आज रात्रि के अंधेरे का फायदा उठाकर सूनसान रास्ते से बेचने के लिए जा रहा था कि आप लोगो को खडा देखकर डर गया और गांजा के साथ पकड़े जाने के डर से पीछे मुड़कर भागने का प्रयास किया किन्तु आप लोगों ने पकड़ लिया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

चंदन राजभर पुत्र हिरालाल राजभर नि0 सिधरा थाना सैदपुर जनपद गाजीपुर उम्र 28 वर्ष।

बरामदगी का विवरण-

कुल 01 किलो 300 ग्राम नाजायज गांजा।

गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरणः-

1. उ0नि0 अरविन्द कुमार यादव थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0प्रशि0 महेश मिश्रा थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।
3. हे0का0 विनोद कुमार थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।